जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 62 प्रभात अजमेर, सोमवार 30 सितम्बर, 2024 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## भाजपा ने हरियाणा के 8 नेताओं को निष्कासित किया

नयी दिल्ली, 29 सितंबर। हरियाणा भाजपा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पार्टी के 8 नेताओं को 6 साल के लिए बाहर का रास्ता दिखा दिया। ये नेता विधानसभा चुनाव में पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे थे। इन 6 नेताओं में पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला और पूर्व विधायक देवेंद्र कादयान का नाम भी शामिल है।

हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने इन 8 नेताओं पर कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे इन नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

- ये नेता पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला व पूर्व विधायक देवेन्द्र कादयान प्रमुख हैं।

पार्टी ने जिन नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है उनमें लाडवा से संदीप गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, गन्नौर से देवेंद्र कादयान, सफीदो से बच्चन सिंह आर्य, रानिया से रणजीत चौडाला, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बड़ा आतंकवादी हमला हुआ तो पाकिस्तान में घुस कर मारेंगे- राजनाथ

### चुनावी सभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में फिर आतंकवाद फैलाने का प्रयास कर रहा है

- रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिये कि यह ''नया भारत'' है तथा जरूरत पड़ने पर सीमा पार जाकर आतंकवाद का सामना कर सकता है।
- उन्होंने यह भी कहा कि जिस राशि के लिये पाकिस्तान आई.एम.एफ. से भीख मांग रहा है, उससे कहीं ज्यादा हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को दी है।

श्रीनगर, 29 सितंबर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा।

सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा, वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ, अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे।

सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है और आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि यह राशि कितनी है। जिस राशि के लिए पूरा पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख मांग रहा था, हमारी सरकार ने उससे कहीं ज्यादा जम्मू-कश्मीर को दी है।

उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। सिंह ने कहा, और पाकिस्तान में वित्तीय सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद की फैक्टरियां चलाने के लिए किया जाता है और यह लंबे समय से चल रहा है। आतंकवाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## भाषण देते हुए खड़गे की तबीयत खराब हुई

नई दिल्ली, 29 सितंबर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में चुनाव प्रचार के दौरान अचानक बीमार पड़ गये। मंच पर भाषण देते हुए एकाएक कांग्रेस अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। जैसे-तैसे उन्होंने खुद को संभाला। इसके बाद अन्य नेता भी उनकी मदद के लिए आगे आए। उन्हें सोफे पर बिठाकर कुछ लोग उन्हें हवा करने लगे। उनके जूते भी खोल दिए गए। बाद में उनकी हालत स्थिर हुई, तो उन्होंने मोदी सरकार पर हमला करते हुए कहा, जब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सत्ता से बाहर न कर दूं, तब तक मैं नहीं मरूंगा।

- हालत स्थिर होने के बाद चुनाव सभा में खड़गे ने कहा कि जब तक मोदी को सत्ता से बाहर नहीं कर दूंगा, तब तक मैं नहीं मरूंगा।

राज्यसभा सांसद ने कहा, मोदी जी बेवजह जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने युवाओं के हित के लिए कई कदम उठाए, जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महज युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने बेरोजगारी के मामले में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जम्मू-कश्मीर के सरकारी विभागों में 65 फीसद पद रिक्त हैं। इन सभी पदों पर बाहरी लोगों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जमानत मिलने के बाद सेंथिल बालाजी फिर मंत्री बने

### मुख्यमंत्री स्टालिन ने उन्हें वापस वो विभाग दिये हैं जो गिरफ्तारी से पहले उनके पास थे

चेन्नई, 29 सितंबर। तमिलनाडु में वी. सेंथिलबालाजी सहित चार नये कैबिनेट मंत्रियों ने रविवार को शपथ ली। परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन के एक मामले में जेल में बंद सेंथिलबालाजी को, उच्चतम न्यायालय से कुछ ही दिन पहले जमानत मिलने के बाद रिहा किया गया है। राज्यपाल आर एन रवि ने राजभवन में अपराह्न करीब 1530 बजे आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी।

राज्यपाल ने राष्ट्रगान और तमिल थाई वाजथु (तमिल माता की प्रार्थना) के गायन के बाद सलेम उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आर राजेंद्रन को सबसे पहले पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके बाद सेंथिलबालाजी (अर्क्वाकुरिची से निर्वाचित), जो सात महीने के अंतराल के बाद कैबिनेट में वापस आये हैं, थिरुविदाईमारुथुर से निर्वाचित गोवी. चेझियान तथा अवाडी से विधायक एस.एम. नासर ने शपथ ली। नासर भी कैबिनेट में वापस आये हैं, जिन्हें पहले हुए फेरबदल में हटा दिया गया था।

- सेंथिल बालाजी के साथ तीन और विधायकों को भी कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाई गई।

मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, उनके बेटे एवं उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन, मंत्री तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम् (द्रमुक) के गठबंधन दलों के नेता इस अवसर पर मौजूद थे।

शपथ ग्रहण के तुरंत बाद राज्यपाल ने नये मंत्रियों के विभागों की घोषणा की। सेंथिलबालाजी को बिजली, निषेध एवं आबकारी विभाग आवंटित किये गये, जो पिछले वर्ष 14 जून को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा धनशोधन मामले में गिरफ्तार किये जाने तक उनके पास थे। उसके बाद लगभग आठ महीने तक बिना किसी विभाग के कैबिनेट में काम करने के बाद इस वर्ष फरवरी में उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

सेंथिलबालाजी जमानत पर रिहा होने के तीन दिन बाद कैबिनेट में वापस आ गये हैं। यह विभाग मंत्री एस मुथुसामी के पास था, जो सेंथिलबालाजी के इस्तीफे के बाद उन्हें आवंटित किया गया था। अब इसे सेंथिलबालाजी को फिर से आवंटित किया गया है। कार्यक्रम के बाद नये उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने द्रमुक संस्थापक एवं दिवंगत मुख्यमंत्री सी एन अन्नादुरई और द्रमुक के संरक्षक एम करुणानिधि के स्मारकों पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री द्वारा किये गये मंत्रिमंडल के बहुप्रतीक्षित फेरबदल में तीन मौजूदा मंत्रियों को बाहर का रास्ता दिखाया गया।

राज्य में कल देर रात कुछ मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया गया तथा उदयनिधि स्टालिन को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। द्रमुक के 2021 के विधानसभा चुनावों में प्रचंड बहुमत के साथ 10 साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापसी करने और स्टालिन के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह तमिलनाडु मंत्रिमंडल का पांचवां फेरबदल है।

